**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय पशुपालन, जयपुर**
**पशुधन भवन, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान–302015**
director.ahd@rajasthan.gov.in **दूरभाष–नं: 0141–2743331**

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(20)स्था/ब/सं.ब./पशु परि./भर्ती/2024/4901 जयपुर, दिनांक 10.04.2025

## आदेश

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के द्वारा पशु परिचर सीधी भर्ती– 2023 का दिनांक 03.04.2025 को परिणाम जारी कर वरीयता सूची विभाग को प्रेषित की है। उक्त वरीयता सूची में से विभाग द्वारा विज्ञापित वर्गवार रिक्त पदों के लगभग 1.25 गुणा अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Scrutiny Form) भरवाये जाने तथा पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उक्त सूची पूर्णतया अस्थाई अनन्तिम ( Purely Provisional) है। पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के पश्चात पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से रिक्त पदों के अनुसार वरीयता के आधार पर श्रेणीवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Scrutiny Form) भरने हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 12.04.2025 से दिनांक 18.04.2025 तक लिंक खोला जावेगा। पशु परिचर सीधी भर्ती– 2023 में सूचीबद्ध अभ्यर्थी http://sso.rajasthan.gov.in/ पर विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form Cum Scrutiny ) को मय आवश्यक दस्तावेज भरा जाना सुनिश्चित करें।

**सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 21.04.2025 से दिनांक 15.05.2025 तक प्रातः 10:00 बजे से पशुधन परिसर, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड़, जयपुर** में किया जावेगा। सूचीबद्ध अभ्यर्थी पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उनके रोल नम्बर के आगे अंकित निर्धारित दिनांक, समय एवं दल के सम्मुख आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। **दिनांक 21.04.2025 से दिनांक 15.05.2025 के निर्धारित कार्यक्रम के दौरान अपरिहार्य कारणों से यदि कोई अभ्यर्थी अनुपस्थित रहता है तो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक 16.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे पूर्व निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित अभ्यर्थियों को इसके अलावा अलग से कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा। उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी का चयन निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वयं की होगी। तिथि वार दस्तावेज सत्यापन हेतु अनन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के रोल नम्बर अनुसार सूची संलग्न है।**



**RajKaj Ref No.: 14719403**

**पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान देवेंः—**

1. समस्त अभ्यर्थी पशु परिचर सीधी भर्ती 2023 के लिये राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा दिनांक 06.10.2023 को जारी विज्ञापन संख्या 07/2023 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 12.01.2024_का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लेवें।
2. अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म(Detailed Form Cum Scrutiny ) मय समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति एवं जमा फीस की प्रति अपने साथ लावें।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल , सेवारत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र तथा स्वयं का पहचान पत्र एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो आदि आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमे QR-Code अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति (संलग्न परिशिष्ट में निर्धारित क्रमानुसार)संलग्न करें।
6. जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म(Detailed Form Cum Scrutiny ) नहीं भरा गया है, वे अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाईट से उक्त फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उसमें समुचित प्रविष्टियां कर 100 रूपये के पोस्टल ऑर्डर(सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर) के साथ कारण सहित दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें।
7. **दस्तावेज सत्यापन में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप तथा अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश संलग्न है।**

**संलग्नः— 1. सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची ।**
**2. विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप।**
**3. अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश ।**

**(डॉ.आनन्द सेजरा)**
**निदेशक**

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(20)स्था/ब/सं.ब./पशु परि./भर्ती/2024/4902–04 जयपुर,दिनांक 10.04.2025

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावे।
2. एसीपी, निदेशालय पशुपालन विभाग को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करवाएं।
3. रक्षित पंजिका

**निदेशक**

Document certified by ANAND SEJRA <ANANDSEJRA@GMAIL.COM>.



Digitally Signed by ANAND SEJRA
Designation : Director
Date :10-04-2025 01:48:22

RajKaj Ref No.: 14719403

# राजस्थान सरकार
## निदेशालय पशुपालन, जयपुर
## पशु परिचर (Animal Attendant) सीधी भर्ती–2023

**अभ्यर्थी द्वारा विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र के साथ दस्तावेज नत्थीबद्ध करने हेतु जारी आवश्यक दिशा–निर्देश**

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र में आवश्यक कॉलम की पूर्ति की जाकर प्रस्तुत किया जाना है। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र के साथ स्वयं हस्ताक्षरित अपलोड किए गए दस्तावेजों को निम्नानुसार नत्थीबद्ध किया जावेः–

1. शैक्षणिक योग्यता सत्यापन हेतु संपूर्ण अंकतालिकाएं/प्रमाण पत्रों की प्रतियां।
2. जन्मतिथि के सत्यापन हेतु सैकण्डरी उत्तीर्ण की अंकतालिका की प्रति।
3. मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति। अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी) का निवासी होने की स्थिति में अनुसूचित क्षेत्र का विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
4. जाति प्रमाण पत्र (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के लिए अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र, जिसमें अति पिछडा वर्ग में सम्मिलित जातियों का नाम हो/सहरिया आदिम जाति का सक्षम स्तर से जारी प्रमाण पत्र)। विज्ञापन में उल्लेखानुसार कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 20.01.2022 के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ लेने हेतु जाति प्रमाण–पत्र ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी किया हुआ प्रस्तुत करना होगा। भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि के बाद का प्रमाण–पत्र वाले अभ्यर्थी शपथ–पत्र प्रस्तुत करें।
5. दस्तावेज सत्यापन के समय हस्तलिपि (संलग्न प्रारूप अनुसार) की जांच हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अभ्यर्थी द्वारा स्वहस्तलिखित पैराग्राफ अपलोड करें एवं उसकी मूल प्रति साथ लावें।
6. विस्तृत आवेदन में अपलोड की जाने वाली फोटो एवं आवेदन में अपलोड की गई फोटो समान होनी चाहिए। हस्ताक्षर, आवेदन में किये गये हस्ताक्षर के समान होने चाहिए।
7. अन्य प्रमाण पत्र– (इनमें से जो लागू हो)
   - A. विधवा महिला के मामले में महिला के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति, जिसमें पत्नी का नाम स्पष्टतः अंकित हो। उक्त श्रेणी की अभ्यर्थिया साक्ष्य के रूप में पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र अथवा पति–पत्नि की कोई संयुक्त आई.डी/राशन कार्ड/आधार कार्ड/वोटर आई.डी अथवा अन्य प्रमाणिक दस्तावेज संलग्न करें, जिसमें पति–पत्नि होने का उल्लेख हो। इस श्रेणी की अभ्यर्थिया पुनर्विवाह किये जाने/नहीं किये जाने के सबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र संलग्न करें।
   - B. परित्यक्ता महिला के मामले में सक्षम न्यायालय द्वारा जारी डिक्री की प्रति। उक्त श्रेणी की अभ्यर्थिया तलाक की डिक्री आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें और यदि पति–पत्नि की कोई संयुक्त आई.डी हो तो वो भी संलग्न करें। इस श्रेणी की अभ्यर्थिया द्वारा पुनर्विवाह किये जाने/नहीं किये जाने के सबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र भी संलग्न करें ।

RajKaj Ref No.: 14719339

C. निःशक्तजन के मामले में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी/मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता प्रमाण पत्र, जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक निःशक्तता का हो, की प्रति।

D. उत्कृष्ट खिलाडी के मामले में विज्ञप्ति दिनांक 06.10.2023 में अंकितानुसार सक्षम स्तर के प्रमाण पत्र/पत्रों की प्रतियां। उक्त खेल प्रमाण पत्र इस भर्ती में आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है।

E. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवा निवृत्ति आदेश व डिस्चार्ज डायरी या एन.ओ.सी. की प्रति एवं स्वतः घोषण पत्र/वचन बंध।

F. अलग–अलग राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी 2 मूल चरित्र प्रमाण पत्र।

G. अंतिम शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी मूल चरित्र प्रमाण पत्र।

H. हस्तलिपि– संलग्न प्रारूप अनुसार (स्वयं प्रमाणित) (मूल हस्तलिपि प्रपत्र)

I. शपथ पत्र (संलग्न प्रारूप)– दस्तावेज स्वयं द्वारा जांच कर अपलोड करवाये जाने एवं फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में। ( मूल शपथ पत्र)

J. विवाह होने की स्थिति में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति।

K. अन्य शपथ–पत्र एवं दस्तावेजों के प्रारूप अपलोड करें एवं मूल ही प्रस्तुत करें।

8. अभ्यर्थी सभी शैक्षणिक, जाति, मूल–निवास व विकलांगता प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों का अवलोकन कर लें तथा नाम में वर्तनी/स्पेस संबंधी अंतर होने पर शपथ–पत्र प्रस्तुत करें।
9. अभ्यर्थी पात्रता जांच हेतु ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र की प्रति, स्वयं का फोटो आई.डी. प्रूफ व 2 पासपोर्ट साईज के फोटो अवश्य लेकर आवें।
10. अभ्यर्थी को उपरोक्त दिशा–निदेर्शों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र मय संलग्कों एवं मूल दस्तावेज के साथ व्यक्तिशः कार्यालय में निर्धारित दिनांक एवं समयावधि में उपस्थित होना है। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन से वंचित कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

...................xxxxxxx..........................

Document certified by ANAND SEJRA <ANANDSEJRA@GMAIL.COM>.

Digitally Signed by ANAND SEJRA
Designation : Director
Date :10-04-2025 01:44:27

# चरित्र प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कुमारी/श्रीमति .................................... ........... ................................ पुत्र/पुत्री/पत्नी ............................................. ........................ ................................निवासी ....................................................... .................. ..........................................................................................को मैं व्यक्तिगत रूप से ................ माह/वर्षो से जानता/जानती हूँ तथा जहाँ तक मेरी जानकारी है इनका नैतिक चरित्र उत्तम है।

दिनांक .................................          हस्ताक्षर ............................

(कार्यालय की मुहर सहित)

RajKaj Ref No.: 14719360

## सामान्य घोषणा पत्र

**(50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटेरी द्वारा सत्यापित)**

मैं ............................................................पुत्र / पुत्री श्री ..................................................................................... रोल नं. ..............................है, पशु परिचर की सीधी भर्ती परीक्षा – 2023 में पशु परिचर के पद पर अनन्तिम रूप से चयनित हुआ/हुई हूँ।

मैं शपथ पूर्वक निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूँ : –

1. कि मैं राजस्थान पशुपालन अधीनस्थ सेवा में पशु परिचर परीक्षा–2023 हेतु अपेक्षित तथा उक्त हेतु जारी विज्ञापन में वर्णित शर्तानुसार शैक्षणिक योग्यता रखता/रखती हूँ। मुझे देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी का तथा राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान है।

2. कि मेरे द्वारा योग्यता/अर्हता संबंधी दी गई जानकारी विज्ञापन में अंकित शैक्षणिक योग्यता/अर्हता के अनुरूप है।

3. कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्णरूप से सही है एवं मिथ्या/जाली/नकली/गलत तरीके से तैयार करा कर प्रस्तुत नहीं किये गये है।

4. कि मेरे विरूद्ध कभी भी किसी भी थानाक्षेत्र में कोई आपराधिक प्रकरण न तो दर्ज हुआ है न ही मेरे विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपराधिक जांच लंबित है। मेरे विरूद्ध कोई फौजदारी/न्यायिक प्रकरण किसी भी न्यायालय में न तो दायर हुआ है और न ही लम्बित है।

5. कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज किसी भी प्रकार से जाली/नकली पाया जाता है और तथा/अथवा मेरे द्वारा उक्त घोषणा पूर्ण अथवा आंशिक असत्य पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में मुझे पूर्ण रूप से ज्ञात है कि मेरी अभ्यर्थिता/पात्रता/चयन तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर उसी समय मुझे राजकीय सेवा से पृथक कर दिया जायेगा, जिसके लिये मैं स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी। ऐसी स्थिति में नियुक्ति प्राधिकारी को यह पूर्ण अधिकार होगा कि मेरे विरूद्ध वैधानिक/पुलिस/न्यायिक/अनुशासनात्मक इत्यादि की कार्यवाही कर सकते है, जिसके लिये मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मुझे यह भी ज्ञात है कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार अन्य परीक्षाओं में शामिल होने से मुझे वंचित (Debar)किया जा सकता है, उसके लिये भी मैं ही स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

दिनांक.................................
स्थान..................................

हस्ताक्षर...........................................
नाम ..................................................
पता..................................................
...........................................................
मोबाईल नं.........................................
ईमेल ................................................

RajKaj Ref No.: 14719360

# संतान संबंधी घोषणा पत्र
## <u>सामान्य कागज पर</u>

कार्मिक विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 7(1)(कार्मिक)क–2/95 दिनांक 20.06.2001 के अनुसरण में निम्नलिखित प्रपत्र में जो कि राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित है, प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

मैं ..........................................................पुत्र/पुत्री श्री ............................................................... रोल नं ........................... है, पशु परिचर भर्ती परीक्षा – 2023 में पशु परिचर के पद पर अनन्तिम रूप से चयनित हुआ/हुई हूँ :–

1. दिनांक 31.05.2002 तक मेरे बच्चों की संख्या ...........................थी।

| क्र.सं. | नाम | जन्मतिथि |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

2. दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात मेरे बच्चों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है।

या

3. दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात मेरे बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है एवं वर्तमान में मेरे बच्चों की कुल संख्या ...........................है।

| क्र.सं. | नाम | जन्मतिथि |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम : .......................................................

पद : पशु परिचर

मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये

राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर मय मोहर के

RajKaj Ref No.: 14719360

रू. 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित करवाकर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करावें

# अविवाहित अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला घोषणा–पत्र

मैं .................................................................. पुत्र/पुत्री श्री ........................................................................................ निवासी ......................................................................................................................................... ................................................................................................ शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा नाम पशु परिचर भर्ती परीक्षा – 2023 में पशु परिचर के पद पर अनन्तिम रूप से चयनित हुआ है।

मेरा विवाह अभी तक नहीं हुआ है और भविष्य में जब भी होगा तब मैं या मेरे घरवाले ना तो दहेज लेंगे/ना ही दहेज देंगे। भविष्य में दहेज लिए जाने के सम्बन्ध में मेरी पत्नी/मेरे पति एवं ससुराल पक्ष की ओर से कोई शिकायत विभाग/न्यायालय में दर्ज करवाई जाती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त किये जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिए मैं, प्रार्थी/प्रार्थीया जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी। मेरी नियुक्ति होने के पश्चात अपने विवाह की स्थिति में विवाह के एक मास के भीतर–भीतर अपने नियंत्रक प्राधिकारी को, अपने पिता, पत्नी और श्वसुर द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रभाव की घोषणा प्रस्तुत करूंगा/करूंगी कि मैने प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः और किसी भी रूप में दहेज नहीं लिया है। (F.4(2)Karmik/A-III/76 dated 05.01.77)

(नाम–.......................................................)
घोषणा–कर्ता

स्थानः– ..............................

दिनांकः–..............................

**साक्षी**

1. हस्ताक्षर ..........................................................
   नाम ..................................................................
   पता ..................................................................

2. हस्ताक्षर ..........................................................
   नाम ..................................................................
   पता ..................................................................

**रू. 50/— के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित करवाकर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करावें**

## विवाहित अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला
## घोषणा—पत्र

मैं ............................................................... पुत्र/पुत्री श्री ...............................................................

निवासी .........................................................................................................................................................

................................................................................................................................ शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा नाम पशु परिचर भर्ती परीक्षा — 2023 में पशु परिचर पद पर अनन्तिम रूप से चयनित हुआ है।

मेरा विवाह दिनांक .......................... को हुआ है। विवाह के समय मेरे घरवालों ने ना तो दहेज लिया है / ना ही दहेज दिया। भविष्य में दहेज लिए जाने के सम्बन्ध में मेरी पत्नी/मेरे पति एवं ससुराल पक्ष की ओर से कोई शिकायत विभाग/न्यायालय में दर्ज करवाई जाती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त किये जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिए मैं, प्रार्थी/प्रार्थीया जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

(नाम—.......................................................)
घोषणा—कर्ता

स्थानः— ..............................
दिनांकः—.............................

**अभ्यर्थी के पिता** :

1. हस्ताक्षर ..................................................
   नाम ..........................................................
   पता .........................................................

**अभ्यर्थी के श्वसुर** :

1. हस्ताक्षर ...........................................
   नाम .................................................
   पता .................................................

**अभ्यर्थी की पत्नी /पति :**

2. हस्ताक्षर ..................................................
   नाम ..........................................................
   पता .........................................................

**स्वतंत्र साक्षी :**

2. हस्ताक्षर ...........................................
   नाम .................................................
   पता .................................................

RajKaj Ref No.: 14719360

**रू. 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित करवाकर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करावें**

# विधवा अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला
# घोषणा–पत्र

मैं ........................................................................ पुत्र/पुत्री श्री ........................................................................ निवासी .................................................................................................................................................................. ............ .................................................................................................................................... शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम पशु परिचर भर्ती परीक्षा – 2023 में पशु परिचर पद पर अनन्तिम रूप से चयनित हुआ है।

मेरा विवाह दिनांक ....................................... को श्री ............................................... के साथ संपन्न हुआ था, परन्तु मेरे पति का देहान्त दिनांक ....................................... को हो चुका है। भविष्य में जब भी मेरा विवाह होगा तब मैं या मेरे घरवाले ना तो दहेज लेंगे / ना ही दहेज देंगे। भविष्य में दहेज लिए जाने के सम्बन्ध में मेरे पति एवं ससुराल पक्ष की ओर से कोई शिकायत विभाग/न्यायालय में दर्ज करवाई जाती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त किये जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिए मैं, प्रार्थीया जिम्मेदार रहूंगी। मेरी नियुक्ति होने के पश्चात अपने विवाह की स्थिति में विवाह के एक मास के भीतर–भीतर अपने नियंत्रक प्राधिकारी को, अपने पिता, पति और श्वसुर द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रभाव की घोषणा प्रस्तुत करूंगी कि मैने प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः और किसी भी रूप में दहेज नहीं लिया है।

(नाम–........................................................)

घोषणा–कर्ता

स्थानः– ..............................

दिनांकः–..............................

**साक्षी**

1. हस्ताक्षर ..........................................................
   नाम ..................................................................
   पता ..................................................................

2. हस्ताक्षर ..........................................................
   नाम ..................................................................
   पता ..................................................................

RajKaj Ref No.: 14719360

**रू. 50/— के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित करवाकर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करावें**

# परित्यक्ता अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला
# घोषणा—पत्र

मैं .................................................................. पुत्र/पुत्री श्री .................................................................. निवासी ................................................................................................................................................ ........... .................................................................................................. शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम पशु परिचर भर्ती परीक्षा — 2023 में पशु परिचर पद पर अनन्तिम रूप से चयनित हुआ है।

पूर्व में मेरा विवाह विच्छेद हो चुका है और भविष्य में जब भी मेरा विवाह होगा तब मैं या मेरे घरवाले ना तो दहेज लेंगे / ना ही दहेज देंगे। भविष्य में दहेज लिए जाने के सम्बन्ध में मेरे पति एवं ससुराल पक्ष की ओर से कोई शिकायत विभाग/न्यायालय में दर्ज करवाई जाती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त किये जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिए मैं, प्रार्थीया जिम्मेदार रहूंगी। मेरी नियुक्ति होने के पश्चात अपने विवाह की स्थिति में विवाह के एक मास के भीतर—भीतर अपने नियंत्रक प्राधिकारी को, अपने पिता, पति और श्वसुर द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रभाव की घोषणा प्रस्तुत करूंगी कि मैने प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः और किसी भी रूप में दहेज नहीं लिया है। (F.4(2)Karmik/A-III/76 dated 05.01.77)

(नाम—.......................................................)

घोषणा—कर्ता

स्थानः— ..............................

दिनांकः—..............................

**साक्षी**

1. हस्ताक्षर ..........................................................
   नाम ..................................................................
   पता ..................................................................

2. हस्ताक्षर ..........................................................
   नाम ..................................................................
   पता ..................................................................

RajKaj Ref No.: 14719360

<u>रू. 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित करवाकर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करावें</u>

# विवाह प्रमाण पत्र

## अभ्यर्थी(जिनका विवाह 22.05.2006 से पूर्व हुआ हो) के द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला घोषणा–पत्र

मैं ........................................................ पुत्र/पुत्री श्री/श्रीमती ........................................................ निवासी ........................................................................................................................................ शपथ पूर्वक बयान करता हूँ / करती हूँ कि मेरा विवाह श्रीमती/श्री ................................................ ......................... निवासी ..................................................................................................................................... के साथ संपन्न हुआ था परन्तु अनिवार्य विवाह पंजीयन लागू होने से पूर्व दिनांक ........................... को संपन्न होने के कारण पंजीकृत नहीं है।

**या**

मेरा विवाह श्रीमती/श्री ...................................................... निवासी ........................................................... ........... ............................... के साथ दिनांक ..................................... को राजस्थान राज्य के बाहर संपन्न होने के कारण पंजीकृत नहीं हुआ है।

**या**

मैं ................................................ अविवाहित हूँ।

**या**

मैं ............................................ विधुर/विधवा हूँ (पत्नि/पति श्री/श्रीमती ............................................)

**या**

मैं तलाक शुदा हूँ (प्रमाण पत्र सलंग्न है)

**या**

मैं परित्यक्ता हूँ एवं मेरा विवाह श्री ................................................................ के साथ दिनांक .......................... को संपन्न हुआ था।

दिनांक............................................

**हस्ताक्षर**
**शपथ कर्ता**

(P.7(3)Karmik/K-II/2006 dated 30.06.2006)

RajKaj Ref No.: 14719360

# <u>वचनबंध प्रपत्र</u>

## <u>(सामान्य कागज पर)</u>

मैं ................................................................................................................ पुत्र/ पुत्री श्री/श्रीमति ..................... ............................................. निवासी ........................................................................................................................ ................................................................................................................ ......................................................................... ......................................................................................... वचनबद्ध हूँ कि मैं धूम्रपान एवं गुटखा सेवन नहीं करता हूँ/ करती हूँ।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

नाम–

स्थानः– .............................

दिनांकः–.............................

RajKaj Ref No.: 14719360

# संविधान संबंधी प्रतिज्ञा

## शपथ पत्र

(सामान्य कागज पर)

मैं ................................................................पुत्र / पुत्री श्री ................................................................. रोल नं. ..............................है, पशु परिचर की सीधी भर्ती परीक्षा – 2023 में पशु परिचर के पद पर अभिस्तावित हुआ/हुई हूँ।

मैं शपथ पूर्वक निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूँ –

मैं शपथ लेता हूँ/लेती हूँ सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ कि भारत और विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और सच्ची निष्ठा रखूंगा/रखूंगी, मैं भारत की प्रभुता और अखण्डता अक्षुण्ण रखूंगा/रखूंगी तथा मैं अपने पद के कर्तव्यों का राजभक्ति, ईमानदारी और निष्पक्षता से पालन करूंगा/करूंगी। (अतः ईश्वर मेरी सहायता करे)

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

स्थानः– ..............................

दिनांकः–..............................

RajKaj Ref No.: 14719360

## <u>नमुना हस्ताक्षर प्रारूप (सामान्य कागज पर )</u>

<u>अभ्यर्थी इस प्रारूप का प्रिंट लेकर दस्तावेज सत्यापन के समय मूल अपने साथ लेकर आएं।</u>

अभ्यर्थी का नाम :

रोल नंबर :

दस्तावेज सत्यापन की दिनांक, समय एवं दल संख्या :

पशु परिचर के पद हेतु हुई भर्ती परीक्षा में दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध हुआ/हुई हूं। बोर्ड द्वारा निर्धारित किये गए वाक्य मेरे द्वारा अपनी हस्तलिपि में स्वयं लिख कर प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ। मेरी पहचान सत्यापित करने के लिए, आवश्यकता पड़ने पर, बोर्ड द्वारा मेरी हस्तलिपि के इस नमूने को उपयोग किये जाने हेतु मैं सहमत हूँ। मेरी हस्तलिपि निम्न प्रकार है–

### <u>हिन्दी प्रारूप (हस्त लिपि में)</u>

मैं ........................(अभ्यर्थी का नाम) पुत्र/पुत्री श्री ............................................................................................ (अभ्यर्थी के पिता का नाम) रोल नंबर ........................ आवेदन क्रमांक ......................... शपथ पूर्वक यह घोषणा करता हूं कि मैं (विज्ञप्ति अनुसार भर्ती परीक्षा का नाम)........................ भर्ती के लिए निर्धारित सभी पात्रताओं को पूरी करता/करती हूं।

**<u>अभ्यर्थी यहां से हिंदी में लिखे</u>**

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

(हस्ताक्षर)

### <u>English Performa (In Handwriting)</u>

I ….…………. (name of candidate) S/o/D/o Shri ………………….…. (father's name of candidate) Roll Number………………..... Application No…………….. hereby swear and declare that I fulfil all the eligibility criteria prescribed for recruitment …..………………. (Name of Recruitment as per advertisement)

**<u>Write in English from here</u>**

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

(Signature)

**पशु परिचर सीधी भर्ती–2023**

(गैर अनुसूचित क्षैत्र/अनुसूचित क्षैत्र)

**विकल्प–पत्र**

**(सामान्य कागज पर)**

मैं..................................................पुत्र/पुत्री.................................................................................. रोल नम्बर........................ है। मेरा अंतरिम चयन पशु परिचर सीधी भर्ती–2023 मे गैर अनुसूचित क्षैत्र तथा अनुसूचित क्षैत्र दोनों सूचियों में हुआ है।

अतः मैं अनन्तिम रूप से ............ .......................................... (गैर अनुसूचित क्षैत्र/अनुसूचित क्षैत्र में से कोई एक ) में चयन हेतु विकल्प–पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं/रही हूं।

दिनांक

हस्ताक्षर प्रार्थी

नामः–

पताः–

मोबाइल नम्बर

RajKaj Ref No.: 14719360

पासपोर्ट साईज फोटो

# पशु परिचर सीधी भर्ती–2023

(अभ्यर्थी इसे स्वयं भरकर प्रस्तुत करे)

**नामः** **ईमेलः**

**जन्मतिथिः** **रोल नम्बरः** **मोबाइलः**

लिंगः **M/F** आयु वर्षो में (**As on** 01.01.2025)..............वर्ष..........माह.............दिन................

| क्र.सं | दस्तावेजों का विवरण | दस्तावेज उपलब्धता हां/ना | जारी करने की तिथि | दस्तावेज पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विस्तृत आवेदन सह परीनिरीक्षा प्रपत्र (Scrutiny Form) | | | |
| 2. | मैट्रिक/हाई स्कल/सैकण्डरी (अंकतालिका एवं (प्रमाण पत्र [जन्म दिनांक हेतु] ) | | | |
| 3. | मूल निवास प्रमाण पत्र | | | |
| 4. | श्रेणी( ST/SC/OBC/MBC/EWS/SAH/TSP ) प्रमाण पत्र | | | |
| 5. | अन्य श्रेणी(यथा विधवा/परित्यक्ता, खेल संबंधी, विशेष योग्यजन(विकलांग)इत्यादि) का प्रमाण पत्र | | | |
| 6. | 2 मूल चरित्र प्रमाण पत्र अलग–अलग राजपत्रित अधिकारियों से प्रमाणित | | | |
| 7. | वचनबंध प्रपत्र (सादे कागज पर) | | | |
| 8. | संविधान शपथ पत्र (सादे कागज पर) | | | |
| 9. | दहेज संबंधित घोषणा पत्र(विधवा/परित्यक्ता/विवाहित/अविवाहिता अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत ) | | | |
| 10. | विवाह प्रमाण पत्र (22.05.2006 से पूर्व विवाह हुआ तो उसका शपथ पत्र मान्य है) | | | |
| 11. | संतान संबंधी घोषणा पत्र (राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित) | | | |
| 12. | सामान्य घोषणा पत्र | | | |
| 13. | विकल्प पत्र | | | |
| 14. | नमूना हस्ताक्षर प्रारूप | | | |
| 15. | स्वयं का फोटो पहचान पत्र (आधार, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पोसपोर्ट आदि)की स्वप्रमाणित प्रति | | | |

**(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)**

Document certified by ANAND SEJRA <ANANDSEJRA@GMAIL.COM>.

- सभी प्रपत्र इसी क्रम में संलग्न कर उन पर पृष्ठ संख्या अंकित करे।
- सभी प्रपत्र स्वयं प्रमाणित करे।

Digitally Signed by ANAND SEJRA
Designation : Director
Date :10-04-2025 01:44:22

RajKaj Ref No.: 14719360